## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोविड कार्य के लिये अधिकारी-कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**रायगढ़ ।** कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्तियों को कोविड-19 के प्रोटोकाल अनुसार नियत अवधि तक क्वारेंटीन/आईसोलेशन में रहना अनिवार्य है। क्वारेंटीन/आईसोलेशन में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि होने के कारण उनकी निगरानी एवं कार्यालयीन सहयोग हेतु प्राचार्य, क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र रायगढ़ में अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मत्स्य निरीक्षक सुश्री तामेश्वरी पाटिल एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थायें के सहायक ग्रेड-3 अविनाश पटेल की ड्यूटी लगाई गई है। उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैकरा एवं डॉ.राजेश मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्य संपादित करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### 5 मई तक समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकान सहित मदिरा की होम डिलीवरी रहेंगी पूर्णतः बंद

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु रायगढ़ जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र को 6 मई 2021 प्रातः 6 बजे तक कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। कलेक्टर सिंह ने उक्त अवधि में जिले की समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकानें, सी.एस.-2 (घघ कम्पोजिट शॉप), भण्डारण भाण्डागार, एफ.एल.3 होटल बार एवं मदिरा की होम डिलीवरी को पूर्ण रूप से बंद करने हेतु आदेश जारी किया है।

### क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र बना होम आईसोलेशन कंट्रोल रूम

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा होम आईसोलेशन के दौरान कोविड-19 के नियमों/प्रोटोकाल का मरीजों द्वारा अक्षरशः पालन किये जाने के संबंध में 24×7 संचालित होम आईसोलेशन कंट्रोल रूम में कोविड-19 संक्रमित मरीजों की सतत् निगरानी एवं मॉनिटरिंग हेतु क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र, रायगढ़ के मीटिंग हाल में आगामी आदेश पर्यन्त होम आईसोलेशन कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

### कोविड में लगे अधिकारियों की ड्यूटी में आंशिक संशोधन

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा शासकीय व अशासकीय चिकित्सालयों में उपचारार्थ मरीजों से मोबाइल पर संपर्क कर उनको कोविड-19 के तहत दी जाने वाली प्रोटोकाल, दवाईयां, भोजन तथा उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त करने एवं सकारात्मक मनोबल बढ़ाने एवं मरीजों द्वारा बताये गये कमियां व सुझावों के संबंध में सीएमएचओ को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसमें आंशिक संशोधन करते हुये अरूण कुमार जायसवाल के स्थान पर शा.उ.मा.वि.कोतरा के प्रभारी प्राचार्य जे.एल.नायक को अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त ड्यूटी लगाई गई है।

### शांति बाई की मृत्यु पर पिता को मिली सहायता राशि

**रायगढ़ ।** तहसील धरमजयगढ़ अंतर्गत विजयनगर निवासी शांतिबाई की 6 सितम्बर 2019 को पानी में डूबने से असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत एसडीएम धरमजयगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतिका के पिता कार्तिकराम को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# कोविड अस्पतालों में तेजी से बढ़ाये जा रहे संसाधन-कलेक्टर

## कलेक्टर सिंह ने कोविड अस्पताल इंचार्ज व नोडल अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज जिले में संचालित शासकीय कोविड अस्पतालों के इंचार्ज और नोडल अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अस्पतालों के सुचारू संचालन के लिये गैप्स को दूर करने और अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत अस्पतालों में ऑक्सीजन बेड की संख्या में वृद्धि के साथ उसके लिए आवश्यक मेडिकल मैन पावर, ऑक्सीजन बेड संचालन हेतु जरूरी उपकरण, सिलेंडर्स का मोबलाइजेशन, साफ-सफाई, टेस्टिंग की स्पीड बढ़ाने जरूरी उपकरणों की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल रहे।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में कलेक्टर सिंह ने अस्पतालवार समीक्षा की। मेडिकल कॉलेज और केआईटी में डॉक्टर्स के साथ नर्सिंग स्टाफ बढ़ाने की मांग आयी। जिस पर बताया गया कि शासन स्तर से पोस्टेड डॉक्टर्स आने वाले 1-2 दिनों में जॉइन करने जा रहे हैं। कलेक्टर सिंह ने नर्सिंग स्टाफ के लिए जिले में संचालित नर्सिंग कॉलेज के के स्टूडेंट्स की ड्यूटी जल्द लगाने के निर्देश सीएमएचओ व सम्बंधित कॉलेज के प्राचार्यो को दिए। इस दौरान बताया गया कि माँ मंगला नर्सिंग कॉलेज से 100 और जेएमजे नर्सिंग कॉलेज से 40 स्टूडेंट्स की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही कैरियर नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स की ड्यूटी भी लगाई गई है। उन्होंने इन्हें जल्दी जॉइनिंग कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर सिंह ने पीएचसी व सीएचसी से अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी केआईटी में लगाने के लिए कहा जिससे वहां तैयार किये जा रहे ऑक्सीजन बेड का संचालन तत्काल शुरू हो।

केआईटी में सिलेंडर मोबलाइजेशन, साफ-सफाई और अन्य कार्यो के लिए स्वीपर व वार्डबॉय की ड्यूटी लगाने के लिए कहा। वार्डबॉय की अधिक संख्या में आवश्यकता को देखते हुए इसके विज्ञापन जारी करने और सीधी भर्ती करने के निर्देश कलेक्टर सिंह ने सीएमएचओ को दिए। कलेक्टर सिंह ने बताया कि ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ लगने वाला उपकरण फ्लोमीटर 500 नग आज मिल जाएंगे। इससे ऑक्सीजन बेड को बढ़ाने और उसके मैनेजमेंट का काम और तेजी से हो सकेगा।

कलेक्टर सिंह ने सभी कोविड अस्पताल के नोडल अधिकारियों से कहा कि वे रोज अस्पतालों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के लिए चेक लिस्ट बनाई गई है उसके अनुसार रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। जहां किसी सामग्री या व्यवस्था में कमी दिख रही है, तुरंत बताएं जिससे तत्काल उसे दूर करने का काम किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने कहा कि कोविड अस्पताल में जहां रोगियों का इलाज चल रहा है वहां कोई भी गैर अधिकृत व्यक्ति या परिजन को नही जाना है। यह परिजनों के लिए अत्यंत संक्रामक है। इसके लिए उन्होंने सभी कोविड अस्पतालों को अपनी व्यवस्था बनाने के लिए कहा। इसके साथ ही अस्पताल के बाहर पुलिस की चौकसी बढ़ाने के निर्देश भी उन्होंने दिए।

### टेस्टिंग स्पीड बढ़ाने खरीदी जाएंगी मशीनें

जिले में आरटी-पीसीआर टेस्टिंग की स्पीड बढ़ाने के लिए वायरोलॉजी लैब इंचार्ज ने 17 लाख कीमत की दो अतिरिक्त सेंट्रीफ्यूज मशीन की मांग की। कलेक्टर सिंह ने तत्काल डीएमएफ के माध्यम मशीनों को खरीदने के लिए सीएमएचओ को कहा। कलेक्टर सिंह ने अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए जरूरी संसाधनों की व्यवस्था करने के लिए कहा है। गर्मी के मौसम को देखते हुए कूलर और पानी के लिये आरओ लगाने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त पांडेय ने बताया कि 23 कूलर केआईटी के लिए दानदाताओं से प्राप्त हो चुके हैं। 20 कूलर और मिलने जा रहे हैं। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में पीने के पानी के लिए बड़ा आरओ लगाने के लिए कहा गया।

### केआईटी में तेजी से तैयार हो रहे ऑक्सीजन बेड

कलेक्टर सिंह के मार्गदर्शन में केआईटी में ऑक्सीजन बेड बढ़ाने का कार्य पूरी तेजी से किया जा रहा है। वर्तमान में केआईटी बिल्डिंग के ग्राउंडफ्लोर में कोविड केयर सेंटर संचालित हो रहा है। इसके फर्स्ट फ्लोर में 100 ऑक्सीजन बेड बढ़ाये जा रहे हैं। इसके साथ ही पुरानी बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में 75 बेड लगाए जा चुके हैं ऑक्सीजन सिलेंडर, अन्य उपकरण की व्यवस्था व मेडिकल स्टाफ की तैनाती के साथ अगले 1-2 दिनों में इसे शुरू कर दिया जाएगा।

## वैक्सीनेशन सेंटर में मेडिकल स्टाफ के साथ युवक ने किया बदसलूकी, अपराध दर्ज

**खरसिया।** आज दिनांक 26.04.2021 के सुबह करीब 9:00 बजे सिविल अस्पताल खरसिया में एक युवक आकर वैक्सीनेशन में हो रही देरी को लेकर सिविल हॉस्पिटल के स्टाफ के साथ बदसलूकी करने लगा जिसकी सूचना चौकी प्रभारी खरसिया को मिली चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम तत्काल स्टाफ के साथ हॉस्पिटल पहुंचे। तब तक युवक वहां से भाग चुका था। हॉस्पिटल के सफाईकर्मी हुज्जतबाजी कर रहे युवक की फोटो अपने मोबाइल में खींच रखा था, जिसे पुलिस स्टाफ और हॉस्पिटल में मौजूद लोगों को दिखाया। मौजूद लोगों ने युवक को अंकुर अग्रवाल खरसिया का होना बताये। आरोपी युवक के विरुद्ध प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल खरसिया की ओर से प्राप्त आवेदन पर पुलिस चौकी खरसिया में धारा 186, 353 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना के संबंध में घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी अस्पताल के सफाईकर्मी राखीलाल भारती बताया कि आज दिनांक 26.04.2021 को मॉर्निंग ड्यूटी पर था। उसी समय अज्ञात व्यक्ति आकर टीकाकरण कक्ष में घुस गया और स्टाफ को कोरोना वैक्सीन क्यों नहीं लग रहा है कहकर पूछने लगा , जिसे श्रीमती सुभद्रा यादव (आरएचओ) बताई कि अभी वैक्सीन नहीं आया है, जिसके आने का इंतजार सभी कर रहे हैं, वैक्सीन आने पर वैक्सीनेशन चालू किया जाएगा। इतने में युवक ऊंची आवाज में चिल्लाकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा जिसे राखीलाल भारती के साथ हॉस्पिटल स्टाफ समझाये की सिस्टर के साथ इस प्रकार बदतमीजी क्यों कर रहे हो तो वह युवक राखीलाल भारती का कॉलर खींचकर मारपीट पर उतारू हो गया। सफाईकर्मी इस दौरान आरोपी युवक का फोटो खींच लिया और आरोपी जिस गाड़ी में आया था उसका नंबर सीजी 13- ए. एम.- 9585 बताया। चौकी खरसिया पुलिस आरोपी युवक पर अपराध दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# एमसीएच अस्पताल में मेडिकल स्टाफ से अभद्रता करने वालों पर अजमानतीय अपराध पंजीबद्ध

**» घटना की गंभीरता को देखते हुए सहायक अस्पताल अधीक्षक के आवेदन पर चक्रधरनगर थाने में अपराध दर्ज**

**रायगढ़।** दिनांक 25.04.2021 को 100 विस्तरीय डेडीकेट कोविड अस्पताल एमसीएच रायगढ़ के सहायक अस्पताल अधीक्षक डॉ0 हरिश उरांव द्वारा दिनांक 24/04/21 के सुबह कोविड-19 धनात्मक मरीज श्रीमती चंद्र लता नायडू निवासी केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के परिजनों द्वारा अस्पताल के डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ के साथ गाली गलौज, धक्का मुक्की कर मारपीट करने पर उतारू होकर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के संबंध में थाना चक्रधरनगर में आवेदन दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये आवेदन पर से आरोपियों के विरूद्ध तत्काल अजमानतीय अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों के क्वारंटाइन अवधि समाप्ति पश्चात गिरफ्तारी की जावेगी।

घटना के संबंध में प्राप्त आवेदन अनुसार रायगढ़ जिले में वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम एवं उपचार हेतु कोविड-19 धनात्मक गंभीर मरीजों को 100 विस्तरीय डेडीकेट कोविड अस्पताल एमसीएच (मातृ शिशु ) में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। दिनांक 13/04/21 को केवड़ा बड़ी बस स्टैंड निवासी चंद्र लता नायडू की जांच पर कोविड-19 धनात्मक पाए जाने से 100 विस्तरीय अस्पताल में भर्ती कर उपचार की जा रही थी। दिनांक 24/04/21 को प्रातः 7:45 बजे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई, उसकी मृत्यु कोविड-19 के कारण ही हुई जो मृतिका की मृत्यु के संबंध में एवं शव को नियमानुसार सुपुर्द करने के संबंध में परिजनों को सूचना दी गई। सुबह करीब 9:30 बजे मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे जिसमें एक महिला नर्सिंग की छात्रा होना बता रही थी। मृतक के परिजन स्क्रीनिंग कक्ष के चिकित्सकों से पूछताछ किये, तब चिकित्सक आशुतोष शर्मा एवं पल्लवी पटेल ने मृतिका चंद्रकला नायडू की ईसीजी को दिखाकर बताए कि चंद्रकला नायडू की मृत्यु हो गई है , जिसके बाद परिजन आक्रोशित होकर गाली गलौज देते हुये जबरन मृतिका के शव बाडी बैग को खोल कर देखने लगे। उनके साथ आई महिला नीलम भयानी जो अपने को नर्सिंग की छात्रा होना बता रही थी ने परिजनों को बोला कि मृतिका चंद्रकला नायडू का पल्स चल रहा है वह जिंदा है उसके बाद परिजन काफी उत्तेजित होकर अस्पताल में कार्यरत स्टाफ नर्स एवं अन्य स्टाफ के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने पर उतारू होकर धक्का मुक्की कर स्क्रीनिंग क्षेत्र के कांच चेंबर को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाए हैं। मृतक के परिजनों द्वारा जानते हुए कि कोरोना संक्रमित बिमारी है जिसका फैलना एवं फैलाना संभाव्य है फिर भी कोविड-19 संक्रमित मृतिका के शव कीट को खोलकर देखे एवं अस्पताल परिसर में घटना घटित किया गया। मृतिका चंद्रकला नायडू के शव लेने आये परिजन प्रवीण भयानी, नीलम भयानी एवं वेकेंटेश राव एवं अन्य पर दिनांक 25.04.2021 को अप.क्र. 266/2021 धारा 186,353, 269,270, 294, 427, 34 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जावेगी। एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा बताये कि पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार सभी कोविड केयर अस्पतालों में पर्याप्त बल लगाया गया है, प्रभारियों को नियमित पेट्रोलिंग के निर्देश दिये गये हैं, साथ ही राजपत्रित अधिकारियों को कोविड केयर एवं निजी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। ऐसी घटनाओं पर आरोपियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जावेगी, जिला पुलिस की आमजन से अपील है कि कोविड को लेकर भ्रामक एवं अफवाहों से बचें, सयंम बरतें।

## शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर टांगी से अधेड़ व्यक्ति की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**लैलूंगा।** दिनांक 25.04.2021 के शाम लैलूंगा थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चिंगारी दर्रापारा में मामूली बात पर टांगी से पडोसी की हत्या करने वाले आरोपी को लैलूंगा पुलिस घटना की सूचना पर तत्काल ग्राम चिंगारी पहुंचकर हिरासत में लेकर थाना लाई जिसे आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



जानकारी के अनुसार ग्राम चिंगारी दर्रापारा में रहने वाला श्रवण कलंगा पिता भोजराम कलंगा उम्र 28 वर्ष शराबी और अपराधिक किस्म का युवक है। गांव के लोगों से हमेशा शराब पीने के लिये रूपये मांग कर और उनसे झगड़ा विवाद करता है । श्रवण कलंगा के घर के सामने जेठूराम कलंगा का मकान है। श्रवण कलंगा आये दिन जेठूराम कलंगा को शराब पीने के लिये रूपये मांगकर तंग करता था। दिनांक 25/04/2021 के शाम श्रवण कलंगा बार-बार जेठूराम के घर तरफ आता जाता और तुम्हे ईटा दिया हूं जिसका पैसा अभी तक नहीं दिये हो आज मुझे महुआ दारू पीना है कहकर रूपये मांगकर झगडा विवाद कर रहा था। श्रवण कलंगा को जेठूराम शराब पीने के लिये पैसा नहीं देने पर शाम करीब 07/30 बजे श्रवण कलंगा टंगिया निकालकर घर से ले आया और जेठूराम के घर के सामने जेठूराम को हत्या करने के नियत से एक टंगिया उसके छाती में जोर से मारा जेठूराम वहीं पर गिर पडा, दूसरा वार भी करने वाला था जिसे जेठूराम का ससूर, श्रवण कलंगा से टंगिया को छिन लिया। आहत को अस्पताल लाते उसके पहले उसने दम तोड़ दिया था। घटना के बाद सूचना पर लैलूंगा पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंचकर आरोपी श्रवण कलंगा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। गांव के लोग बताये कि श्रवण कलंगा अपराधी किस्म का है पूर्व में भी कई लोगों से झगड़ा मारपीट किया है। घटना के संबंध में मृतक के भाई के रिपोर्ट पर आरोपी श्रवण कलंगा के विरूद्ध धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपी की पतासाजी/गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक एलपी पटेल के हमराह रहे उप निरीक्षक बीएस पैंकरा, सउनि जी.पी. बंजारे, सउनि विजय गोपाल, प्रधान आरक्षक संजय यादव, आरक्षक चमरसाय भगत, प्रहलाद भगत, अमरदीप एक्का, शिव नायक की सराहनीय भूमिका रही है।

## होम आइसोलेटेड मरीज निकल रहे थे घर से बाहर, दर्ज हुई एफआईआर

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर आगामी 6 मई 2021 तक संपूर्ण रायगढ़ जिले को लाक डाऊन लगाया गया है। कोरोना संक्रमित गंभीर मरीजों को कोविड अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है एवं सामान्य लक्षण वाले मरीजों को होम आईसोलेशन की सलाह दी जा रही है। कलेक्टर सिंह द्वारा होम आईसोलेशन में रह रहे सभी पाजिटिव मरीजों को सख्त हिदायत दी गई है कि उनका जब तक होम आईसोलेशन की अवधि पूर्ण नहीं हो जाती है तब तक वे घर से बाहर नहीं निकलेंगे। वरना उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज के साथ चालानी कार्यवाही की जायेगी। इसी कड़ी में होम आईसोलेशन के नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया कि वार्ड क्रमांक 38 सोनकर पारा तेन्दुडीपा में रहने वाले पाजीटिव मरीज सोनाली घोरे, अल्का बोले, रिसीक बोले तथा मीना सोनकर व अन्य लोग जो कि कोविड के पाजीटिव मरीज है, जिन्हें होम आईसोलेशन में रखा गया है। इसके बावजूद वे लोग घर से बाहर बेवजह घूमते पाये गये। जिसके कारण कोरोना संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है। कलेक्टर के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी द्वारा इनके खिलाफ थाना में रिपोर्ट लिखाई गई।

## सही समय पर इलाज ले कर वृद्ध दंपत्ति ने दी कोरोना को मात, एमसीएच हॉस्पिटल से सफल इलाज के बाद हुये डिस्चार्ज

**रायगढ़ ।** किसी भी व्यक्ति पर अगर कोरोना के लक्षण आने पर वह डॉक्टरों के परामर्श पर सही समय पर इलाज ले व सकारात्मक सोच रखें तो कोरोना को मात दी जा सकती है। इस बात को सच साबित कर दिखाया लखन प्रसाद सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी निर्मला सिन्हा ने।

वार्ड नं.25 संजय नगर रायगढ़ के 68 वर्षीय लखन प्रसाद सिन्हा एवं 62 वर्षीय श्रीमती निर्मला सिन्हा को बीते दिनों हल्का बुखार एवं कमजोरी महसूस होने पर उन्होंने स्वयं से जाकर कोरोना टेस्ट कराया, जिसमें उनकी रिपोर्ट पाजीटिव आने पर उन्हें 2 अप्रैल 2021 को एमसीएच कोविड अस्पताल में भर्ती किया गया। हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम ने उनका त्वरित इलाज चालू कर दिया। दोनों पति-पत्नी पांच दिनों तक एक ही वार्ड में अगल-बगल बेड पर थे। लेकिन पांच दिनों बाद श्रीमती निर्मला की ऑक्सीजन लेवल कम होने पर तत्काल उन्हें आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। डॉक्टर एवं कोविड स्टाफ के सतत् इलाज से वे दोनों पति-पत्नी पूरी तरह से स्वस्थ है और वे डिस्चार्ज होकर अपने घर लौट आये।

श्रीमती निर्मला ने एमसीएच कोविड अस्पताल के डॉक्टर एवं स्टाफ की तारीफ की। उन्होंने अपनी जुबानी बताया कि हम दोनों में जब कोरोना के लक्षण दिखे तो, टेस्ट कराया और जब रिपोर्ट पॉजिटिव आयी तो पहले हम काफी डरे हुये थे। लेकिन जैसे ही अस्पताल पहुंचे और वहां की टीम ने हमारा इलाज चालू किया तो हमारी हिम्मत बढ़ी और धीरे धीरे सब सामान्य हो गया। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान के अपने अनुभव को बांटते हुए उन्होंने बताया कि डॉक्टर नियमित रूप से हमारा चेकअप करते थे, वहीं नर्सेज भी हमारा बहुत खयाल रखती थी। वे समय पर दवाई देती थी। वहां टाइम से नाश्ता और खाना भी दिया जाता था। उन्होंने हमें कुछ योगा के टिप्स भी बताये। जिसे हम वहीं पर रहकर रेगुलर कर रहे थे। इस तरह से बेहतर चिकित्सकीय देखभाल और इलाज के फलस्वरूप बिना ऑक्सीजन सपोर्ट के मेरे पति का ऑक्सीजन 99 एवं मेरा 95 से अधिक मैंटेन रहा। कोविड संक्रमित लखन प्रसाद सिन्हा एवं धर्मपत्नी निर्मला सिन्हा का कोविड रिपोर्ट निगेटिव आने पर उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। आज वे दोनों अपने घर में स्वस्थ है।

# कोविड मरीजों को काउंसिलिंग सेल से मिल रही मोटिवेशन की खुराक

### कोविड मरीजों का मनोबल बढ़ाने शुरू की गयी है कॉउंसलिंग सेल

**रायगढ़।** कोरोना संक्रमित मरीजों के जल्द रिकवरी के लिए मेडिसिन के साथ मोटिवेशन की खुराक भी जरूरी होती है। कोरोना महामारी ने एक ऐसा माहौल बनाया है जिसमें वायरस के साथ डर और घबराहट भी मरीजों के शरीर में पैठ बना रहे हैं। डॉक्टरों का मानना है कि यह घबराहट शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए सही नही हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस चीज का खयाल रखने और मरीजों में आत्मविश्वास और सकारात्मकता बढ़ाने उनसे बात-चीत करते रहने सुझाव दिया था। इसके लिए उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर प्रयास करने के निर्देश दिए थे।



रायगढ़ जिले में मरीजों को मोटिवेशन की यही डोज देने के लिए कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में एक कॉउंसलिंग सेल शुरू किया गया है। जिसके माध्यम से कोरोना का इलाज करवा रहे मरीजों से बातचीत किया जाता है। जिससे उनका मनोबल बढ़े और उनकी यदि कोई परेशानी या समस्या है तो इसे संबधित नोडल या डॉक्टर को सूचित कर तुरंत उसका समाधान हो। इस कार्य का जिम्मा 13 वरिष्ठ प्राचार्यो को दिया गया है।

**कैसे काम करती है ये कॉउंसलिंग सेल-** 13 प्राचार्यो की इस टीम को स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल में भर्ती मरीजों की सूची मिलती है। जिसे टीम को बांट दिया जाता है। इसके बाद हर मेंबर उनको मिले लिस्ट के अनुसार मरीज से उसके नंबर पर सम्पर्क करता है। उनसे बात कर कोविड-19 के तहत दी जाने वाली प्रोटोकाल, दवाईयां, भोजन तथा उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हैं। बातचीत के दौरान मरीज का मनोबल बढ़ाया जाता है। मरीजों द्वारा बताये गयी कमियां व सुझावों के संबंध में संबंधित अस्पताल के इंचार्ज और नोडल अधिकारी को जानकारी दी जाती है। जिससे तत्काल उसका निदान किया जा सके। टीम के नोडल राजेश डेनियल बताते हैं कि उनकी टीम की पूरी कोशिश होती है कि मरीज और उनके परिजनों का मनोबल बढ़ाएं और उन्हें आश्वस्त करें कि जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग उनके लिए पूरी निष्ठा से प्रयासरत है और हर कठिनाई और समस्या का निराकरण करने हेतु 24×7 तत्पर हैं। कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में संचालित कॉउंसलिंग सेल के काम की मॉनिटरिंग एडीएम राजेन्द्र कटारा कर रहे हैं। सूचनाओं के त्वरित प्रवाह के लिए एक व्हाट्सअप्प ग्रुप बनाया गया है जिसमें कोविड अस्पतालों के नोडल अधिकारी जॉइंट कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, डिप्टी कलेक्टर पी.के. गुप्ता व जिला शिक्षाधिकारी आर. पी आदित्य, सीएमएचओ डॉ.केशरी व स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी जुड़े हुए हैं। काउन्सलर मरीजों से जुड़ी समस्याएं इस ग्रुप में पोस्ट करते हैं। जिससे उसका त्वरित निदान संभव हो।

**कॉउंसलिंग टीम में ये हैं शामिल-** टीम के नोडल राजेश डेनियल है तथा टीम के अन्य मेम्बर्स में संतोष कुमार चन्द्रा, श्रीमती सरला साहा, श्रीमती अमिता मिश्रा, दिनेश कुमार अग्रवाल, जे.एल.नायक, राजेन्द्र मेहर, आर.बी.आर.सिंह, पी.पी.खलखो, श्रीमती रंजना राय, लिबनुस तिर्की, जी.राय एवं श्रीमती राजलक्ष्मी शर्मा शामिल है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480